
RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार 20 जनवरी 2025 | वर्ष 06 | अंक 278 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये


# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक


## कंबोडिया में रहकर ठगी! भारतीय नागरिकों को 14.88 करोड़ रुपये का चूना लगाया



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## ‘खराब छवि वाले लोगों के लिए NCP में कोई जगह नहीं’

### पार्टी की छवि पर कोई दाग बर्दाश्त नहीं- अजित



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के बीड़ में सरपंच की हत्या के बाद से सियासी माहौल गर्म है। राकांपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे को लेकर विपक्ष सरकार पर सवाल खड़े कर रहा है। इस बीच, राज्य के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक रूप से खराब छवि वाले किसी भी व्यक्ति के लिए उनके नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में कोई जगह नहीं है।

अजित पवार ने यह भी कहा कि जो लोग गलत करेंगे उन्हें पार्टी से निकाल दिया जाएगा। शिरडी में रांकपा सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने कहा कि गांवों और कोने-कोने में राकांपा कार्यकर्ता आधार बनाया जाना चाहिए। सभी को समन्वय के साथ काम करना चाहिए। भविष्य राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का है। अजित पवार ने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। आगामी बीएमसी चुनाव को लेकर अजित ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने में रुचि रखने वालों को 25 घरों के समूह से वोट सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार कार्यकताओं का चयन करना चाहिए।

**पार्टी को एकजुट रहना चाहिए- अजित**

गौरतलब है कि 2023 में अजिच पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ बगावत कर दी थी। इसके बाद उन्होंने एनसीपी पर भी अपना दावा कर दिया। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में राकांपा ने 41 सीटें जीतीं। उन्होंने राकांपा कार्यकर्ताओं से युवाओं, डॉक्टरों, इंजीनियरों और वकीलों को पार्टी में शामिल करने की अपील की। पवार ने कहा कि पार्टी को एकजुट रहना चाहिए और उसकी छवि पर असर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के मन में खराब छवि वाले व्यक्ति के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। कोई कदाचार नहीं होना चाहिए। जो गलत करेगा उसे निष्कासित कर दिया जाएगा। शरद पवार की टिप्पणी तब आई है जब सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड को लेकर राकांपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे की विपक्ष कड़ी आलोचना कर रहा है।

**क्या है पूरा मामला?**

पुलिस के अनुसार, सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के पीछे एक बड़ी जबरन वसूली का मामला है। बीड जिले में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की वसूली की जा रही थी। देशमुख ने इस जबरन वसूली का विरोध किया था, जिसके बाद नौ दिसंबर को उनका अपहरण किया गया और फिर हत्या कर दी गई। उनकी मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कुछ दिन पहले, महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड ने पुणे में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। कराड को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। अभी तक कुल सात आरोपी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं। इस मामले के बाद कई नेताओं ने मुंडे से सरकार से इस्तीफा देने की मांग की है।

# देवेंद्र फडणवीस स्विट्जरलैंड के दावोस दौरे पर रवाना...

**वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम में लेंगे हिस्सा..**



**मुंबईः** राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस 20 से 24 जनवरी तक दावोस में वर्ल्ड आइकॉनिक फोरम में हिस्सा लेंगे। इसके लिए वे 19 तारीख को तड़के सुबह मुंबई से रवाना हुए। सूत्रों के मुताबिक इस यात्रा के दौरान फडणवीस राज्य में निवेश की नई डील को लेकर कई 1 ट्रिलियन डॉलर की समझौते पर हस्ताक्षर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य करेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच द्वारा आयोजित निवेश सम्मेलन में भाग लेने के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुए। विश्व आर्थिक मंच ने 20 से 24 जनवरी तक दावोस में इस सम्मेलन का आयोजन किया है।

इससे पहले फडणवीस ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तीन बार दावोस में इस सम्मेलन में भाग लिया था। उसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में मुंबई में दो बार मैग्नेटिक महाराष्ट्र निवेश सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसके कारण महाराष्ट्र औद्योगिक निवेश में पांचवें स्थान से पहले स्थान पर आ गया था। अभी भी इस दावोस दौरे के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। इसमें मुख्यमंत्री फडणवीस कई विश्व नेताओं से भी मिलेंगे। इस दौरे में उद्योग मंत्री उदय सामंत के साथ ही एमआईडीसी, एमएमआरडीए, सिडको का आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भी भाग लेगा। इस दौरे के दौरान डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ईवी, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्टील, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और इंफ्रास्ट्रक्कर आदि के क्षेत्र में बड़ी संख्या में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस यात्रा के दौरान महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश लाने की भी कोशिश की जाएगी। बेशक, इसके जरिए रोजगार सृजन का मुख्य उद्देश्य भी हासिल किया जाएगा।

**‘टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स-2025’ प्रदर्शनी का अवलोकन**

इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि, नागपुर स्थित भारतीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आईआईटी में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सलेंस जल्द ही एआई का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा। शुक्रवार को उन्होंने सिविल लाइंस क्षेत्र में सेंट उसुर्ला स्कूल के प्रांगण में आयोजित ‘टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स-2025’ प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# सैफ अली खान पर हमला : आरोपी को अदालत ने 5 दिनों की पुलिस कस्टडी में भेजा...



**मुंबईः** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के मामले में आखिरकार मुंबई पुलिस के हाथ सफलता लगी और तीन दिनों की मशक्कत के बाद मुख्य आरोपी को रविवार (19 जनवरी, 2025) को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी को महाराष्ट्र के ठाणे से गिरफ्तार किया गया. इससे पहले पुलिस ने दो संदिग्धों को पकड़ा था. डीसीपी जोन 9 दीक्षित गेडाम ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर के रूप में हुई है और इसकी उम्र 30 साल है. ये बांग्लादेश का रहना वाला है और भारत में अवैध रूप से आया. आरोपी मुंबई में विजय दास के नाम की पहचान के साथ रह रहा था. उन्होंने ये भी बताया कि प्रथम दृष्टया आरोपी बांग्लादेशी है और 5-6 महीने पहले मुंबई आया था. उन्होंने कहा, ‘‘वह कुछ दिनों तक मुंबई में रहा और फिर मुंबई के आसपास के इलाकों में रहा. आरोपी एक हाउसकीपिंग एजेंसी में काम करता था.’’ आरोपी ने कथित तौर पर कई नामों का इस्तेमाल किया, जिनमें विजय दास, बिजॉय दास और मोहम्मद इलियास शामिल हैं.

मुंबई पुलिस और सिटी क्राइम ब्रांच ने आरोपी का पता लगाने के लिए 20 टीमें गठित की थीं. इन टीमों ने कई संदिग्धों को हिरासत में लिया था लेकिन उन्हें पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया. एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी को दादर रेलवे स्टेशन के बाहर तीन बार देखा गया था और वह वर्ली कोलीवाड़ा भी गया था. इसके बाद सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई फिर पुलिस को पता चला कि हमलावर इलाके में एक लेबर कॉन्ट्रैक्टर के पास गया था.

## होटल में मिले महाराष्ट्र के भाई-बहन के शव, पुलिस ने सुसाइड नोट किया बरामद



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के रहने वाले भाई-बहन केरल आए थे, लेकिन रविवार को अचानक उनसे जुड़ी एक बुरी खबर सामने आई है। रविवार सुबह केरल तिरुवनंतपुरम में एक होटल के कमरे में दोनों के शव मिले मिले। यह आत्महत्या का मामला बताया जा रहा है। महाराष्ट्र के रहने वाले भाई-बहन रविवार सुबह केरल तिरुवनंतपुरम में एक होटल के कमरे में मृत मिले। पुलिस ने बताया कि मृतक भाई-बहन मूलरूप से पुणे के रहने वाले थे और दोनों होटल में ठहरने के लिए पिछले शुक्रवार को आए थे। होटल के कर्मचारियों ने सुबह काफी देर तक कमरा बंद पाया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## असली पूर्वजों की है तलाश

आजकल की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों के चलते मुझ पर एक बोझ आ गया है। इन दिनों मैं अपने असली पूर्वजों की तलाश में हूं। कहां गए वे लोग? हमारे पूर्वज शर्तिया तौर पर महान थे, तभी तो स्वयं दुनिया से चले गए और मुझे छोड़ गए हैं कि बेटा झेलो इस कदम-कदम पर धोखा देने वाली जालिम दुनिया को। आज आलम यह है कि जिसकी गोद में बैठो, कल वही पलट कर सीने पर सवार हो जाता है। कल मैंने जैसे ही अपने कदम घर से बाहर निकाले, डार्विन साहब टकरा गए। मैंने उनको अपनी समस्या बताई। वह मुझे एक किनारे ले गए और मेरे कान में फुसफुसाए, 'क्यों परेशान होते हो? मेरे और तुम्हारे पूर्वज एक ही थे और वे बंदर थे।' मैं जब तक कुछ समझ पाता, उन्होंने आसमान की तरफ अपना मुंह उठाया और एक नेता की तरह बोले, 'आदमियों के पूर्वज बंदर थे।' मैंने उनसे पूछा कि मैं आपको दिखता क्या हूं? वह बोले, 'दिखते तो तुम आदमी ही हो, मगर हो नहीं।' मुझे लगा कि मैं अब भी बंदर ही हूं। मैं ही क्या, सब हैं। एक डाल छोड़कर दूसरी डाल पर छलांग लगाने की हमारी प्रवृत्ति में कौन है, जो हमारे सामने टिक सकता है?

एक रोज हम जिस पेड़ की डाल के समर्थन से उस पर टिके हुए दिखते हैं, दूसरे दिन उसी को बुरी तरह हिलाते हुए वहां से छलांग लगा दिया करते हैं और अगले दिन हम फिर से आपको उसी डाल के सहारे टिके हुए नजर आते हैं। इससे लगता तो है कि हमारे पूर्वज बंदर ही थे, फिर भी विश्वास नहीं होता। आज समय ही ऐसा है कि इंसान का खुद पर से भरोसा उठ चुका है, फिर बंदर पर कैसे हो?

एक सज्जन मिले। वह बोले, 'हमारे पूर्वज मनु थे।' दूसरे मिले। उन्होंने कहा, 'हम तो अमुक को मानते हैं।' तीसरे ने कहा, 'हम तो फलां की औलाद हैं।' एक ने दूसरे को कुछ समझाया। दूसरे ने तीसरे को कुछ समझाया। तीसरे ने पहले को समझाया। किसी की समझ में कुछ भी नहीं आया। उनमें से किसी ने भी अपने पूर्वजों को नहीं देखा था। प्रश्न यह था कि जिसे देखा ही नहीं, उसे कैसे अपना पूर्वज मान लें? एक ने कहा, 'तुम मेरे पूर्वज को अपना पूर्वज मानो।' दूसरे ने ताल ठोकी, 'तुम्हारे पुरखे होंगे तुम्हारे, मैं तुम्हारे को अपना क्यों मानूं?' मामला जातियों की उत्पत्ति और उनकी गणना तक पहुंच गया। वह तो एक समझदार आदमी ने बीच-बचाव कर दिया, वरना तीनों उसी ठौर अपना-अपना नाम पूर्वजों की गुजरी पीढ़ी में लिखवाने पर उतारू थे। एक व्यंग्यकार ने मेरी कठिनाई को जाना और बताया कि हम व्यंग्यकारों के पूर्वज तो कबीरदास थे। तुम्हें सीधा उन्हीं से संपर्क स्थापित करना चाहिए। मैने कहा, 'मिलेंगे कहां?' वह बोला, 'जिंदा न सही, प्रासंगिक तो हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

## बांद्रा में रहने वाली 67 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका से ट्राई...

# सीबीआई और साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर 5.47 करोड़ रुपए ठग लिए



**मुंबई :** मुंबई के बांद्रा-वेस्ट में रहने वाली ६७ वर्षीय रिटायर्ड शिक्षिका से साइबर ठगों ने खुद को ट्राई, सीबीआई और साइबर पुलिस का अधिकारी बताकर ५.४७ करोड़ रुपए ठग लिए। यह धोखाधड़ी १६ नवंबर २०२४ से २ दिसंबर २०२४ के बीच हुई। साइबर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता को १६ नवंबर को एक कॉल आया, जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को ट्राई का अधिकारी बताया और कहा कि उनका मोबाइल नंबर अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो रहा है, जिसे जल्द ही ब्लॉक कर दिया जाएगा। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने खुद को सायबर पुलिस का अधिकारी प्रदीप सावंत बताते हुए उन्हें स्काइप ऐप डाउनलोड करने को कहा। कॉल के दौरान उसने महिला को एक कमरे में बंद होकर 'गोपनीय जानकारी' सुनने को कहा। उसे विश्वास दिलाया कि उनका नाम जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। ठग ने डराने के लिए फर्जी गिरफ्तारी वारंट की कॉपी भेजी।इसके बाद एक अन्य व्यक्ति ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए महिला को गिरफ्तारी वारंट के बारे में बताया और चुप रहने की सलाह दी, क्योंकि एजेंसी कभी भी उन्हें गिरफ्तार कर सकती थी। दबाव में आकर महिला ने अपनी बचत और फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) तोड़ने को कहा और अपने क्रेडिट कार्ड से रुपए ठगों को दे दिए। कुछ समय बाद महिला को शक हुआ और उसने पड़ोसी से बातचीत की, जिससे उन्हें पता चला कि वे ठगी का शिकार हो चुकी हैं।

## मुंबई : 20 या उससे कम छात्रों वाले 14,000 से ज्यादा प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के विलय का फैसला...




**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने २० या उससे कम छात्रों वाले १४,००० से ज्यादा प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों के विलय का बड़ा फैसला लिया है। इस कदम से १.८५ लाख छात्रों और लगभग ३०,००० शिक्षकों पर असर पड़ेगा। सरकार का दावा है कि यह शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया कदम है, लेकिन इस फैसले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। शिक्षकों और सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि इससे छात्रों की शिक्षा बाधित होगी और शिक्षा का अधिकार कमजोर होगा।

२१ सितंबर २०२३ को जारी सर्कुलर के अनुसार, २० या उससे कम छात्रों वाले स्कूलों को बंद किया जाएगा। इन स्कूलों के छात्रों को नजदीकी बड़े स्कूलों या नए बनाए गए क्लस्टर स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा। सरकार का कहना है कि इससे संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा। साथ ही दूरदराज के इलाकों में स्कूलों में बुनियादी ढांचे और योग्य शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि छोटे स्कूलों में जरूरी सुविधाओं की कमी होती है, जैसे कि खेल के मैदान, ऑडियो-विजुअल संसाधन, और छात्रों के बीच संवाद का अवसर। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) २०२० में भी छोटे स्कूलों का विलय करने का प्रस्ताव दिया गया है, ताकि हर छात्र को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले कुछ विशेषज्ञ इस कदम का समर्थन भी कर रहे हैं। शिक्षा कार्यकर्ता हेरंभ कुलकर्णी ने कहा,'मैं इस योजना का समर्थन करता हूं, क्योंकि मुझे लगता है कि क्लस्टर स्कूलों में छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे और वे बेहतर गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में फिलहाल करीब ८,००० स्कूल ऐसे हैं, जो एक-दूसरे के आधे किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं। इसके अलावा हमारे पास आदिवासी विकास और सामाजिक कल्याण विभाग के तहत लगभग २,००० आश्रम शालाएं हैं। साथ ही सरकार ने आरटीई एक्ट के तहत उन्हीं गांवों में जिला परिषद स्कूल भी खोले हैं। शिक्षकों और शिक्षा कार्यकताओं ने इस योजना का विरोध किया है।

## एपिलेप्सी फाउंडेशन कई सालों से समाज में फैली मिथक व धारणाओं को दूर करने के लिए अवेयरनेस अभियान

**मुंबई :** मिर्गी के कलंक से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से मुंबई की एपिलेप्सी फाउंडेशन कई सालों से समाज में फैली मिथक व धारणाओं को दूर करने के लिए अवेयरनेस अभियान चलाया जा रहा है। इस साल भी ६ जनवरी से १० फरवरी तक स्टेप चैलेंज अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें '५ करोड़ कदम कलंक के खिलाफ' ब्रीद वाक्य है। इतना ही नहीं, कल आयोजित होनेवाले टाटा मुंबई मैराथन २०२५ में फाउंडेशन की ओर से ५०० लोग हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें से २८७ एपिलेप्सी के मरीज हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. निर्मल सूर्या ने कहा कि मैराथन में १० किमी के दौड़ में २४, जबकि हाफ मैराथन में छह मरीज हिस्सा ले रहे हैं। इसी तरह ड्रीम रनर में २५७ लोग भाग लेंगे।

उल्लेखनीय है कि आजकल मिर्गी का दौरा एक आम समस्या है। आंकड़ों की मानें तो देश में इससे १.५० करोड़ की आबादी प्रभावित है। ये बच्चों में सबसे आम मस्तिष्क विकारों में से एक है। हालांकि, ज्यादातर लोगों में दौरे को मॉर्डन मेडिसिन से ठीक किया जा सकता है। लेकिन लगभग २० प्रतिशत रोगियों पर किसी भी तरह की दवा का कोई असर नहीं होता है। चिकित्सकों का कहना है कि इन मामलों में इसका कारण क्षतिग्रस्त या असामान्य ब्रेन टिशू के पैच हो सकते हैं, जिन्हें कॉर्टिकल डेवलपमेंट की विकृतियां (एमसीडी) के रूप में जाना जाता है। दिमाग में किसी तरह का पैच होने के कारण मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। हालांकि, सर्जरी से ब्रेन के पैच को हटाकर मिर्गी को ठीक किया जा सकता है।



डॉ. निर्मल सूर्या ने बताया कि यदि शीघ्र निदान किया जाए, तो मिर्गी समस्या खत्म हो सकती है। मिर्गी से पीड़ित लोगों के प्रति धावक का प्रत्येक कदम मिर्गी के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करेगा। इसके तहत एपिलेप्सी फाउंडेशन और इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी टाटा मुंबई मैराथन २०२५ में भाग लेगी। उन्होंने मैराथन में शामिल होनेवाले सभी धावकों से अपील किया है कि फाउंडेशन के बारकोड को स्कैन कर सहयोग करें। डॉ. निर्मल सूर्या ने कहा कि मिर्गी को लेकर आज भी लोगों में कई तरह की गलत धारणाएं हैं। इस बीमारी से पीड़ित मरीज को समाज में उचित सम्मान नहीं दिया जाता है। ऐसे मरीजों की शादियां नहीं होती है, जिस कारण उनका परिवार नहीं बढ़ पाता है।

# मुंबई दम घोंटू हवा से बेहाल... वीकेंड पर गर्मी करेगी और परेशान

**मुंबई** : शुक्रवार को मुंबई की समग्र वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही, हालांकि पिछले कुछ दिनों की तुलना में इसमें मामूली वृद्धि देखी गई. हालांकि, मलाड में सुबह 201 का खराब अदक दर्ज किया गया, जो शाम तक बढ़कर 203 हो गया. विशेषज्ञ इसके लिए मौसम में उतार-चढ़ाव और स्थानीय प्रदूषण को जिम्मेदार ठहराते हैं.

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और रअटएएफ ऐप के अनुसार, मलाड पश्चिम में 16 जनवरी को सुबह 9 बजे अदक180 (मध्यम) दर्ज किया गया. शुक्रवार सुबह तक यह बढ़कर 201 हो गया. इसी तरह, बोरिवली ईस्ट में अदकगुरुवार को 174 से शुक्रवार को 189 हो गया, जबकि इसी अवधि में बायकुला का अदक 160 से बढ़कर 188 हो गया. शाम तक मुंबई का कुल अदक144 था. शहर और मुंबई महानगर क्षेत्र के कई अन्य अदक निगरानी स्टेशनों ने भी शुक्रवार की सुबह हाल के दिनों की तुलना में उच्च रीडिंग दिखाई. पिछले दो से तीन दिनों से मुंबई और उसके बाहरी इलाकों में छाई धुंध की चादर ने कई इलाकों में दृश्यता कम कर दी है. इन धुंधली स्थितियों के बावजूद, कुछ निगरानी स्टेशनों ने कुछ मामलों में अदकमान मध्यम या संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किए.

शहर की धुंध का कारण मौसम में उतार-चढ़ाव, व्यापक दैनिक तापमान सीमा (दिन के उच्चतम और रात के न्यूनतम तापमान के बीच का अंतर), उच्च आर्द्रता का स्तर, बादल छाए रहना और स्थानीय प्रदूषण है. भारत मौसम



विज्ञान विभाग के एक वैज्ञानिक ने बताया कि कम तापमान और कम हवा की गति एक साथ मिलकर प्राकृतिक वेंटिलेशन में गिरावट का कारण बनती है. इसके अलावा, मुंबई की हवा में वर्तमान में नमी की मात्रा अधिक है, जिससे एरोसोल फूल जाते हैं और हवा में फंस जाते हैं, जिससे धुंध पैदा होती है. वैज्ञानिक ने कहा कि केवल हवा की गति में वृद्धि ही मददगार होगी.

बांद्रा के लीलावती अस्पताल के प्रमुख पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. संजीव मेहता ने कहा, ''घनी धुंध में प्रदूषक और धूल होती है जो अस्थमा या अन्य श्वसन संबंधी समस्याओं वाले लोगों के लिए हानिकारक हो सकती है. ये प्रदूषक नाक की भीड़ को भी ट्रिगर कर सकते हैं और फेफड़ों को प्रभावित कर सकते हैं. चूंकि नाक और फेफड़े एक निरंतर वायुमार्ग बनाते हैं, इसलिए संपूर्ण श्वसन प्रणाली जोखिम में है.'' आईएमडी के निदेशक सुनील कांबले ने धुंध और कम दृश्यता के लिए पूर्वी हवाओं और कम हवा की गति को जिम्मेदार ठहराया, जो धूल के कणों और प्रदूषकों को हवा में निलंबित रखती है. मौसम विज्ञानियों ने सप्ताहांत में गर्म मौसम की चेतावनी दी है. आईएमडी के पूवार्नुमान के अनुसार, न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 23.99 डिग्री सेल्सियस और 28.73 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है. सापेक्ष आर्द्रता 57 प्रतिशत है, जबकि हवा की गति 57 किमी प्रति घंटा है.

निजी मौसम ब्लॉग वैगरीज ऑफ द वेदर के जलवायु विज्ञानी राजेश कपाड़िया ने भविष्यवाणी की है कि मुंबई और कोंकण क्षेत्र में इस सप्ताहांत गर्म दिन देखने को मिलेंगे. उन्होंने कहा, ''दिन के समय पूर्वी हवाएँ अधिकतम तापमान को 34 डिग्री सेल्सियस से 35 डिग्री सेल्सियस तक ले जाएँगी, जबकि रात का तापमान सामान्य से ज्यादा गर्म रहेगा, लगभग 20 डिग्री सेल्सियस. एमएमआर में कुछ जगहों पर तापमान 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच सकता है.'' मुंबई रेन्स ऑन एक्स के नाम से मशहूर स्वतंत्र मौसम विशेषज्ञ रुशिकेश आग्रे ने गर्मी का अलर्ट जारी करते हुए लिखाः ''मुंबई में अगले 48 घंटों में 7 डिग्री की तेज वृद्धि होगी, 18 जनवरी से 19 जनवरी, 2024 को 37 डिग्री सेल्सियस. नवीनतम पूवार्नुमान मुंबई और आसपास के कोंकण क्षेत्रों में अधिकतम तापमान में संभावित वृद्धि का संकेत देते हैं.

## साकीनाका में 18 वर्षीय युवक पर लोहे की रॉड से हमला



**मुंबईः** साकीनाका इलाके में कुछ युवकों ने 18 साल के सूफियान नाम के लड़के पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूफियान को मामूली चोटें आई हैं। उसके परिवार ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस ने बताया कि जांच जारी है।

## रायगड जिले के महाड में एनडीआरएफ की एक स्थायी टुकड़ी तैनात करने का प्रयास

**मुंबई** : कोकण तट पर लगातार हो रही आपदाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार रायगड जिले के महाड में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दल) की एक स्थायी टुकड़ी तैनात करने का प्रयास कर रही है। हालांकि, केंद्र सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसी तरह अब महाड के बजाए पनवेल तालुका के बम्बावी में नया बेस कैंप स्थापित करने के लिए प्रशासनिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। पिछले कुछ वर्षों से महाड क्षेत्र लगातार प्राकृतिक आपदाओं का सामना कर रहा है। कभी-कभी इसमें बाढ़, भवन दुर्घटनाएं, पुल दुर्घटनाएं, भारी बारिश, भूस्खलन और चक्रवात जैसी कई आपदाएं शामिल होती थीं।



महाड में सावित्री ब्रिज दुर्घटना और आपदा प्रबंधन दल के कर्मियों को घटनास्थल पर पहुंचने में काफी समय लगा। इसे ध्यान में रखते हुए रायगड जिले के महाड में एनडीआरएफ का स्थायी बेस कैंप स्थापित करने की मांग की गई थी। राज्य सरकार ने इस संबंध में तीन साल पहले राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजा था। महाड में २.५७ हेक्टेयर जमीन भी दी गई। हालांकि, तीन वर्षों के भीतर इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका।

इस बीच जहां महाड में एनडीआरएफ बेस कैंप की मांग की जा रही है, वहीं अब पनवेल तालुका के बम्बावी में एनडीआरएफ बेस कैंप स्थापित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कदम उठाए गए हैं। इसके लिए स्थान भी तय कर लिया गया है। पनवेल में स्थान इसलिए चुना गया है, क्योंकि यह आधार शिविर मुंबई और नई मुंबई के साथ-साथ रायगड के लिए भी उपयोगी है। रायगड के आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों ने इस खबर की पुष्टि की है। इससे महाड में एनडीआरएफ बेस कैंप की स्थापना पर संदेह पैदा हो गया है।

## मुंबईः सैफ अली खान पर हुए हमले में शामिल आरोपी को मुंबई पुलिस ने ठाणे इलाके से गिरफ्तार

**मुंबईः** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी का बांग्लादेश कनेक्श सामने आया है. मुंबई पुलिस ने रविवार को कि गए प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हमें शक है कि ये आरोपी बांग्लादेश से अवैध तरीके से मुंबई आया है. पुलिस के अनुसार आरोपी के पास भारत का कोई दस्तावेज नहीं है. पुलिस फिलहाल इस आरोपी की जांच कर रही है. पुलिस ने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोपी की पूरी क्राइम कुंडली खोलकर रख दी है. बताया जा रहा है कि आरोपी का नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है



और इसकी उम्र 30 साल है.पुलिस के अनुसार आरोपी ने अभी तक की पूछताछ में माना है कि वो सैफ अली खान के घर पर चोरी के इरादे से घुसा था. मुंबई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पासपोर्ट एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं. पुलिस के अनुसार आरोपी के पास अभी तक ऐसा कोई सूबत नहीं मिला है जिससे की यह तय हो पाए कि वह भारतीय नागरिक है. ऐसे में लग रहा है कि ये आरोपी बांग्लादेश से अवैध तरीके से भारत आया था. पुलिस के अनुसार आरोपी कुछ महीने पहले ही मुंबई आया था. जबकि घटना को अंजाम देने से कुछ दिन पहले ही वह सैफ अली खान के घर के आसपास के इलाके में रह रहा था. पुलिस फिलहाल इस मामले की जांच कर रही है. पुलिस के अनुसार आरोपी से अभी तक की पूछताछ में पता चला है कि वह जानबूझकर अपनी पहचान छिपा रहा था. वह कभी अपना ना विजॉय बता रहा था तो कभी कुछ और. पुलिस के अनुसार आरोपी युवक एक हाउस कीपिंग एजेंसी में काम कर रहा था. वहां भी उसने अपने कोई ऐसे दस्तावेज नहीं दिए थे जिससे की यह तय हो पाए की वो भारतीय नागरिक था.

## मुंबई में लोकल, बेस्ट, मेट्रो और बस के लिए एक टिकट सिस्टम



**मुंबईः** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में जल्द ही लोग एक ही टिकट से लोकल, बेस्ट, एसटी बस, मोनो रेल और मेट्रो में सफर कर पाएंगे। शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसके संकेत दे दिए। मुख्यमंत्री फडणवीस और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में मुंबई में एकीकृत टिकटिंग सेवा प्रणाली पर चर्चा की गई। बैठक में मित्रा के सीईओ प्रवीण सिंह परदेशी, मुख्यमंत्री कार्यालय के सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी, साथ ही मध्य, पश्चिम रेलवे और महामुंबई मेट्रो के अधिकारी उपस्थित रहे। इस सेवा के शुरू होने पर मुंबईकर का सफर काफी आसान हो जाएगा। उनका समय भी बचेगा। इसके साथ मुंबई दुनिया के उन देशों के क्लब में शामिल हो जाएगी। जहां पर एक टिकट से तमाम ट्रांसपोर्ट में यात्रा करना संभव है। पीएम मोदी एक ही जगह से तमाम परिवहन के साधनों की उपलब्धता के साथ एक ही टिकट व्यवस्था पर जोर देते आए हैं।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि लोकल रेल मुंबई की जीवन रेखा है। एकीकृत सेवा प्रणाली से यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी तेज और आसान हो जाएगी। इसके साथ राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ सार्वजनिक सेवाओं का उपयोग भी बढ़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ाकर इस प्रणाली को टैक्सियों और अन्य सेवाओं के साथ एकीकृत करने के प्रयास चल रहे हैं। इस परियोजना से यात्रियों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी परिवहन सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने यह भी कहा कि इससे परिवहन आसान होगा, यात्रियों का समय बचेगा और परिवहन प्रणाली में बाधाएं दूर होंगी।

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि एक छोर से दूसरे छोर तक तेज और सुविधाजनक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने की यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को एकल गतिशीलता मंच पर लाना है। इस दिशा में मुंबई में बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयास चल रहे हैं। इस पहल से यात्रियों को मात्र 300 से 500 मीटर पैदल चलकर सार्वजनिक परिवहन सुविधा का लाभ उठाने की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुंबई में फिलहाल 3,500 लोकल सेवाएं चल रही हैं। रेलवे आगामी समय में 300 और लोकल सेवाएं शुरू करने के लिए 17,107 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

# मालाड/ कुरार पुलिस का अजब-गजब इंसाफ!

## एक तरफा कारवाई से जनता शिक्षिकाए नाराज...


**पत्रकार को झूठे मामले में फसाने का संजय निरुपम ने किया निषेध!**



**मालाड :** पूर्व कुरार पुलिस के एक गलत तरीके की कारवाई से पुलिस प्रशासन पर उठने लगे - सवाल, क्या गुंडा शिक्षको को पुलिस कर रही है प्रोत्साहित. सोमवार की दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे मालाड पूर्व के स्वामी विवेकानंद स्कूल में कब्जा करने के उद्देश्य हरिप्रसाद रामबहाल सिंह और उनके साथी उदयप्रताप अमरबहादुर सिंह व 18 से 20 लोग जबरन स्कूल में घुस गए. और रोके जाने पर उन्होंने महिला स्टॉफ व अन्य महिला शिक्षिकाओं के साथ शर्मनाक बर्बरता करते हुए उनके साथ मारपीट की .वहां पर पहले से ही मौजूद पत्रकार दीना नाथ तिवारी बीच बचाव में गए पर हरी प्रसाद सिंह के गुंडे उनपर टूट पड़े और जबरन दीनानाथ तिवारी के साथ मारपीट की. इन सभी मामले में कुरार पुलिस को स्कूल के मैनेजिंग ट्रस्टी नूतन सिंह ने पहले जानकारी दे रखी थी. परंतु पुलिस प्रशासन ने समय पर कोई भी पुलिस की सुरक्षा प्रदान नहीं की. यदि पुलिस ने समय रहते इस मामले में तत्परता दिखाया होता तो शायद इस तरह की घटना नहीं होती. हालाकि कुरार पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस अधिकारी जगताप ने उल्टा ही मैनेजिंग ट्रस्टी नूतन सिंह व अन्य दो महिला शिक्षिकाओं के खिलाफ ट्रेस पास, महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और दंगा भड़काने का मामला दर्ज किया साथ ही न्यूज कवर करने गए पीड़ित पत्रकार दीनानाथ तिवारी पर झूठा मामला दर्ज कर दिया है. जिसे लेकर पूर्व सांसद संजय निरुपम ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है. उन्होंने पुलिस के साथ बैठक की जिसमें पुलिस ने आश्वासन दिया है, की वह मामले के जांच अधिकारी जगताप को हटाकर दूसरे ईमानदार अधिकारी को यह मामला सौंपेंगे और पत्रकार दीनानाथ तिवारी का नाम FIR से हटाया जाएगा.

# कंबोडिया में रहकर ठगी!

## भारतीय नागरिकों को 14.88 करोड़ रुपये का चूना लगाया



**मुंबई :** शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 14.88 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले कुख्यात साइबर ठग सुजीत कुमार को मुंबई पुलिस ने खगड़िया जिले के महेशखूंट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। आरोपी कंबोडिया में स्थित कॉल सेंटर से भारतीय नागरिकों को ठगता था। इस गिरफ्तारी में खगड़िया पुलिस ने नवी मुंबई पुलिस का सहयोग किया।

**कंबोडिया से चलाता था ठगी का गोरखधंधा**

जानकारी के मुताबिक, आरोपी सुजीत कुमार बन्नी नया नगर निवासी मदन कुमार का पुत्र है। सुजीत कंबोडिया में कॉल सेंटर से जुड़ा था और वहां से भारतीय नागरिकों को शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर करोड़ों की ठगी करता था। पुलिस की तकनीकी जांच में पता चला कि वह फर्जी आईडी और सिम का इस्तेमाल कर ठगी को अंजाम देता था।

**तकनीकी जांच से सामने आया सुजीत का नाम**

नवी मुंबई साइबर थाना में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शेयर ट्रेडिंग के नाम पर उसे ठगा गया है। इस मामले की तकनीकी जांच के बाद पुलिस सुजीत के ठिकाने तक पहुंची। जांच से यह खुलासा हुआ कि सुजीत खगड़िया जिले का निवासी है और कंबोडिया में रहते हुए भारतीयों को ठगता है। इसके बाद नवी मुंबई पुलिस रविवार को खगड़िया पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से सुजीत को उसके घर से गिरफ्तार किया। महेशखूंट थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान सुजीत ने अपना जुर्म कबूल किया है। उसने स्वीकार किया कि वह कंबोडिया में रहकर भारतीय सिम कार्ड और फर्जी आईडी का उपयोग कर ठगी करता था।

गांव के लोगों के अनुसार, सुजीत एक साधारण परिवार से आता है। उसके पिता इलेक्ट्रिशियन हैं। ग्रामीणों को इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा कि उनका पड़ोसी इतना बड़ा साइबर ठग हो सकता है। वहीं, पुलिस का कहना है कि सुजीत ने भारतीय नागरिकों को 14.88 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। वह कंबोडिया में रहकर ठगी का पूरा नेटवर्क संचालित करता था। उसके संपर्क में अन्य ठग भी थे, जिन्हें वह फर्जी सिम और आईडी उपलब्ध कराता था। इस बड़ी ठगी का पदार्फाश करने में नवी मुंबई पुलिस की तकनीकी विशेषज्ञता और खगड़िया पुलिस का सहयोग सराहनीय है। आरोपी को मुंबई ले जाया गया है, जहां उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी।

# मुंबई के एसजीएनपी में 14 साल में पहली बार शेरनी ने दिया बच्चे को जन्म



**मुंबई:** संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) में बृहस्पतिवार रात 14 साल में पहली बार शेरनी मानसी ने शावक को जन्म दिया। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि एसएनजीपी ने केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के दिशानिदेर्शों के अनुसार चिड़ियाघर विनिमय कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में पिछले साल दो बाघों के बदले में शेर मानस और शेरनी मानस की एक जोड़ी हासिल की थी। एक क्वारंटाइन अवधि के बाद पशु चिकित्सकों और देखभाल करने वालों की निगरानी में शेर व शेरनी को एक बड़े बाड़े में एकीकृत किया गया था। वर्तमान में डॉक्टरों की निगरानी में देखभाल टीम हर समय मां और शावक की निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा, शेरनी का स्वास्थ्य अच्छा है और शावक को अच्छी तरह से पाल रही है। नए जन्म के साथ एसजीएनपी में अब तीन शेर हो गए हैं।


# अंधेरी में २३ जनवरी को अंधेरी में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) का भव्य महासम्मेल




**मुंबई :** आगामी २३ जनवरी को अंधेरी में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) का भव्य महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह महासम्मेलन हिंदुत्व के ज्वलंत प्रतीक, हिंदूहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बालासाहेब ठाकरे की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे मार्गदर्शन करेंगे। उद्धव ठाकरे नए साल में पहली बार इस महासम्मेलन में अपने विचारों से शिवसैनिकों को दिशा देंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, आजाद नगर, वीरा देसाई रोड, अंधेरी (पश्चिम) में शाम ६ बजे आयोजित किया जाएगा। इस महासम्मेलन को लेकर शिवसैनिकों में भारी उत्साह है। पूरे महाराष्ट्र से शिवसैनिक बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं।

इससे महाराष्ट्र के राजनीतिक जगत में हलचल है। इस महासम्मेलन में उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र के लिए नई दिशा और शिवसैनिकों को आगामी रणनीति की सीख देंगे। महासम्मेलन में शिवसेना के वरिष्ठ नेताओं का भाषण भी होगा। कार्यक्रम को लेकर शिवसैनिकों में भारी उत्साह है।

# मुंबई: कोल्डप्ले देखने पहुंचे 45,000 लोग; ट्रैफिक हो गया स्लो



**मुंबई:** मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में लंबे इंतजार के बाद कोल्डप्ले का कॉन्सर्ट शुरू हो गया है. पहले दिन फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. यह कॉन्सर्ट शनिवार (18 जनवरी) को रात 8 बजे शुरू होकर 10 बजे तक चला. पूरे स्टेडियम में भारी भीड़ नजर आई. रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 45 हजार से ज्यादा लोग इस शानदार इवेंट का हिस्सा बने.

ऐसे में भारी भीड़ की वजह से शहर में यातायात प्रबंधन एक प्रमुख चिंता का विषय बन गया है. अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठा रहे हैं कि 19 और 21 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम सुचारू रूप से चले और उपस्थित लोगों को सुरक्षित और आनंददायक अनुभव मिले. दरअसल शनिवार को नवी मुंबई में कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के कारण भारी ट्रैफिक जाम देखा गया.

पुलिस उपायुक्त (यातायात) तिरुपति काकड़े ने बताया, "... मैं अपील करना चाहूंगा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। जो लोग प्राइवेट गाड़ी pic.twitter.com/FEZtNO04Ul

**पुलिस ने लोगों से की ये अपील**

पुलिस उपायुक्त (यातायात) तिरुपति काकड़े ने बात करते हुए कहा, "मैं अपील करना चाहूंगा कि कॉन्सर्ट में आने वाले लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें. जो लोग प्राइवेट गाड़ी से आ रहे हैं वे पार्किंग की जगह में ही गाड़ी पार्क करें. कोल्डप्ले देखने के लिए करीब 45,000 लोग पहुंचे. इस वजह से ट्रैफिक स्लो हो गया था. हमने पर्याप्त फोर्स लगाया हुआ है."

बता दें कार्यक्रम के दौरान किसी भी तरह की चूक न हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए. प्रशासन द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया है कि 70 अधिकारी और 434 पुलिसकर्मी कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टेडियम के अंदर मौजूद रहेंगे. वहीं 21 अधिकारी और 440 पुलिसकर्मी सुरक्षा के मद्देनजर स्टेडियम के बाहर तैनात रहेंगे.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com